प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

मुख्यमंत्री

प्रदेश में ई–परिवार रजिस्टर पर 99 प्रतिशत से अधिक परिवार सदस्यों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया जा चुका है। इस पहल के तहत 75 लाख 5 हजार 9 सौ 13 सदस्यों का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि ई–परिवार प्रणाली एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है और इसके माध्यम से परिवार नकल, विवाह प्रमाण–पत्र और बीपीएल प्रमाण–पत्र जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलती है। इसलिए पिछले वर्ष 27 अप्रैल से ये कार्य अनिवार्य किया गया है।

विक्रमादित्य फ्लाईओवर

राजधानी शिमला में विधानसभा जंक्शन पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य का निरीक्षण कर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अधिकारियों को यह निर्माण अक्तुबर माह तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिमला के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने और भीड़भाड़ को कम करने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा यह फ्लाइओवर है।

बाईट– विक्रमादित्य सिंह, लोक निर्माण मंत्री

सफाई अभियान

स्वच्छ शहर सुंदर शहर अभियान, भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा है। इस अभियान का मकसद शहरों को साफ़–सुथरा बनाना और खुले में शौच की समस्या को खत्म करना है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में बीते कल से स्थानीय शहरी निकायों द्वारा सफाई अभियान शुरू किया गया है। दो महीने तक चलने वाले इस अभियान में शहरों के ऐसे क्षेत्रों में साफ–सफाई की जाएगी, जो रोजाना सफाई से वंचित रहते हैं। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों और पर्यटकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

राष्ट्रीय खेल

उतराखंड में हो रही 38वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में हिमाचल की कयाकिंग और कैनोइंग राफटिंग टीम ने तीन पदक जीतकर प्रदेश का नाम रौशन किया है। इन खेलों में हिमाचल की महिला हैंडबॉल टीम ने दिल्ली की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है, वहीं महिला कबड्डी में कल हुए मुकाबले में हिमाचल की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर दिल्ली को पराजित किया है।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बीते कल जनजातीय जिला किन्नौर और लाहौल–स्पीति की उंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है, जिससे न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक सोबित कटियार ने बताया कि कल से प्रदेश में मौसम साफ रहेगा, हालांकि 14 और 17 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आएगा और उंचाई वाले क्षेत्रों में फिर बर्फबारी होने का अनुमान है।

आनलाइन ठगी

ऑनलाइन ठगी के एक मामले में किन्नौर जिला पुलिस ने बिहार, तेलंगाना, हैदराबाद और गुजरात से आठ आरोपियों को गिरफतार किया है। गत वर्ष किन्नौर के एक व्यक्ति से साढ़े 17 लाख रूपये से अधिक की ऑनलाइन ठगी मामले में ये गिरफतारी हुई है। किन्नौर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक एस ने बताया कि आरोपियों के बैंक खातों में पांच लाख रूपये सीज किए गए हैं और अब तक आरोपियों से छह लाख से अधिक की राशि रिकवर की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी फ्राड के लिए नए नए तरीकों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे वर्तमान में ठगी के ये मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

———————————